Bihar Board Class 9 Geography Solutions Chapter 6 जनसंख्या

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत में सर्वाधिक साक्षरता दर किस राज्य की है ?
(क) पश्चिम बंगाल
(ख) महाराष्ट्र
(ग) बिहार
(घ) केरल
उत्तर-
(घ) केरल

प्रश्न 2.
भारत की औसत आयु संरचना क्या है ?
(क) 64.6 वर्ष
(ख) 64.9 वर्ष
(ग) 81.6 वर्ष
(घ) 70.2 वर्ष
उत्तर-
(क) 64.6 वर्ष

प्रश्न 3.
2001 ई० की जनगणना में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं के अनुपात की क्या स्थिति है ?
(क) 927 महिलाएँ
(ख) 990 महिलाएँ
(ग) 933 महिलाएँ
(घ) 1010 महिलाएँ
उत्तर-
(ख) 990 महिलाएँ

प्रश्न 4.
भारत औसत जनसंख्या घनत्व प्रतिवर्ग कि० मी० क्या है ?
(क) 318 व्यक्ति
(ख) 325 व्यक्ति
(ग) 302 व्यक्ति
(घ) 288 व्यक्ति
उत्तर-
(ग) 302 व्यक्ति

https://www.evidyarthi.in/

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
1951 ई० में भारत की जनसंख्या कितनी थी ?
उत्तर-
1951 ई० में भारत की जनसंख्या 3.610 लाख थी।

प्रश्न 2.
भारत में 2001 ई० में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत था ?
उत्तर-
भारत में 2001 ई० में नगरीय जनसंख्या 27.78% हो गई।

प्रश्न 3.
केरल में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या क्या है ?
उत्तर-
केरल में प्रति 1000 पुरुष पर महिलाओं की संख्या 1058 है।

प्रश्न 4.
भारत की साक्षरता दर का वर्णन करें।
उत्तर-
भारत की साक्षरता के स्तर में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है । 2001 ई० की जनगणना के अनुसार देश की साक्षरता दर 64.84 प्रतिशत पुरुषों का 73 प्रतिशत एवं महिलाओं की 53.67 प्रतिशत है।

प्रश्न 5.
भारत में लिंग अनुपात की विशेषताओं को बताएँ।
उत्तर-
प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या को लिंग अनुपात कहा जाता है। भारत में लिंग अनुपात महिलाओं के पक्ष में नहीं हैं । सन् 1951 से 2001 के बीच लिंग अनुपात की सारणी इस प्रकार है-

जनगणना वर्ष	1951	1961	1971	1981	1991	2001
लिंग अनुपात	946	941	930*	934	929	933

प्रश्न 6.
जनगणना से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर-
एक निश्चित समयांतराल को आधिकारिक गणना को जनगणना कहते हैं। भारत में सबसे पहले 1872 ई० में जनगणना की गई थी। सन् 1881 ई० में पहली बार सम्पूर्ण जनगणना की गयी थी। उसी समय से प्रत्येक 10 वर्ष पर जनगणना होती है।
भारतीय जनगणना जनसंख्यिकी, समसामयिक तथ्यों तथा आर्थिक आँकड़ों का सबसे बृहद स्रोत है।।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
भारत की जनसंख्या वृद्धि की विशेषताओं को बताएँ।
उत्तर-
जनसंख्या में वृद्धि की विशेषताएँ मुख्यतः चार हैं-(i) जन्मदर (ii) मृत्युदर (iii) प्रवास तथा (iv) व्यावसायिक संरचना।
(i) जन्मदर-एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने बच्चों का जन्म होता है, उसे 'जन्मदर' कहते हैं। यह वृद्धि का एक प्रमुख घटक है क्योंकि भारत में हमेशा जन्मदर मृत्युदर से अधिक रहा है। भारत की

आबादी 1951 में 3.60 लाख से बढ़कर 2001 में 10.280 लाख हो गई। वार्षिक वृद्धि 1.93% के हिसाब से बढ़ी।

(ii) मृत्युदर-एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों के मरने की संख्या को मृत्युदर कहा जाता है । मृत्युदर में तेजी से गिरावट भारत की जनसंख्या में वृद्धि की दर का प्रमुख कारण है। 1980 तक उच्च जन्मदर में धीमी गति से एवं मृत्युदर में तीव्र गति से गिरावट के कारण जन्मदर और मृत्युदर में काफी बड़ा अन्तर आ गया है । इसके कारण जनसंख्या में विस्फोट हो गया।

(iii) प्रवास-लोगों का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में चले जाने को प्रवास कहते हैं। प्रवास केवल जनसंख्या के आकार को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उम्र एवं लिंग के वृद्धि में ग्रामीण-नगरीय प्रवास के कारण शहरों तथा नगरों की जनसंख्या में नियमित वृद्धि हुई है। 1951 में कुल जनसंख्या की 17.29% नगरीय जनसंख्या थी, जो 2001 में बढ़ कर 27.78% हो गई । एक दशक (1991 से 2001) के भीतर 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की संख्या 23 से 35 हो गयी है।

(iv) व्यावसायिक संरचना-आर्थिक रूप से क्रियाशील जनसंख्या का प्रतिशत विकास का एक महत्त्वपूर्ण सूचक है। विभिन्न प्रकार के व्यवसायों के अनुसार किए गए जनसंख्या के आर्थिक वितरण को व्यावसायिक संरचना कहते हैं । भारत एक कृषि प्रधान देश है अत: 64% जनसंख्या गाँवों में कृषि कार्य पर आधारित है । शहरों में जीविका-निर्वाह के साधनों के बढ़ने से सुरक्षा के ख्याल से भी नगरों की संख्या बढ़ रही

प्रश्न 2.
भारत के विषम जनसंख्या घनत्व का वर्णन कीजिए।
उत्तर-
जनसंख्या घनत्व का तात्पर्य भूमि के प्रति इकाई पर अधि वासित होनेवाली जनसंख्या है। भारतीय जनगणना विभाग द्वारा स्तरीय मापक के रूप में प्रतिवर्ग कि०मी० को एक इकाई माना गया है । इस दृष्टि से, भारत की जनगणना 2001 के अनुसार, भारत का औसत जनसंख्या घनत्व 325 व्यक्ति प्रति वर्ग कि०मी० है लेकिन इसमें भारत में विषमता है।

मैदानी राज्यों में सर्वाधिक घनत्व है, तरायी राज्यों में भी काफी घनत्व है लेकिन पर्वतीय राज्यों में, अधिवासी आर्थिक संरचनात्मक सुविधा की कमी के कारण घनत्व पाये जाते हैं। पठारी राज्यों में सामान्य घनत्व की स्थिति है। भारतीय राज्यों में सर्वाधिक घनत्व पश्चिम बंगाल का है। यहाँ
औसतन प्रतिवर्ग कि०मी० 904 व्यक्ति रहते हैं। इसके बाद क्रमशः बिहार (881), केरल (819) का स्थान है। सबसे कम घनत्व अरुणाचल प्रदेश अर्थात् पर्वतीय राज्य का है जहाँ औसत घनत्व मात्र 13 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी० है।

केन्द्र शासित प्रदेशों को शामिल कर देखा जाय तो सर्वाधिक घनत्व दिल्ली का है । यह 9340 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी० है । अंडमान निकोवार द्वीप समूह का घनत्व मात्र 34 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी० है ।

https://www.evidyarthi.in/

जनसंख्या वृद्धि दर तीव्र होने के कारण भारत के औसत घनत्व में भी तेजी से वृद्धि हुई है। यह 1901 ई० में मात्र 37 व्यक्ति वर्ग कि०मी० था जो 2001 में बढ़कर 325 व्यक्ति प्रतिवर्ग कि०मी० हो चुका है।

evidyarthi

https://www.evidyarthi.in/